

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# “ मिला पक्का मकान, जीवन ने भरी नई उड़ान ”






मो. अमजद, पिता-मो. सलीम नगर परिषद, चतरा के वार्ड संख्या- 14 के अंसार नगर मुहल्ले में पिछले 40 वर्षों से निवास करते आ रहे हैं। वे बाजार में सब्जी बेचने का काम करते हैं। इससे हुई कमाई से ही वे अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ मिलने के पूर्व इनके पास खुद का एक कच्चा मकान था, जिसमें परिवार के पांच सदस्यों के साथ इन्हें रहने में काफी परेशानी होती थी। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी, जिसके कारण वे खुद का पक्का मकान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। मगर ऐसे ही समय में इनका चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एक लाभुक के रूप में हुआ और देखते ही देखते लगभग डेढ़ साल के अंतराल में उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया। अब वे अपने पूरे परिवार के साथ सुकून के साथ खुशी-खुशी इस नए घर में रह रहे हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर परिषद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हृदय से उनका आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**